विधान परिषद् के तृतीय सत्र **2023** के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा**0** सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-**15** का उत्तर-

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|
| 15. (क) क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि संस्कृत महाविद्यालयों से सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों और कर्मचारियों को उनके जी0पी0एफ0 की धनराशि का अन्तिम भुगतान नहीं किया जा रहा है? | जी नहीं।<br>जी0पी0एफ0 धनराशि का भुगतान किया जा रहा है। |
| (ख) वर्ष 2021 से दिनांक 31 मार्च, 2023 तक अयोध्या मण्डल के कितने संस्कृत महाविद्यालयों में शिक्षक और कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए और क्या उनके जी0पी0एफ0 की धनराशि का भुगतान करा दिया गया है? | जी हाँ।<br>अयोध्या मण्डल के संस्कृत महाविद्यालयों से सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों और कर्मचारियों को उनके जी0पी0एफ0 की धनराशि के अन्तिम भुगतान के संबंध में स्थिति निम्नवत् है-<br>(1) जनपद अयोध्या-जनपद में 10 संस्कृत महाविद्यालयों में वित्तीय वर्ष 2021-22 में 02 शिक्षक एवं 03 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए थे, तथा वित्तीय वर्ष 2022-23 में 03 शिक्षक एवं 02 कार्मिक सेवानिवृत्त हुए, समस्त सेवानिवृत्त शिक्षक/कर्मचारियों को उनके जी0पी0एफ0 अन्तिम भुगतान किया जा चुका है।<br>(2) जनपद अम्बेडकरनगर-वर्ष 2021 से दिनांक 31.03.2023 तक जनपद अम्बेडकरनगर में कोई शिक्षक/कर्मचारी सेवानिवृत्त नहीं हुआ।<br>(3) जनपद सुलतानपुर-जनपद में 01 लिपिक सेवानिवृत्त हुए, जिनके जी0पी0एफ0 का अन्तिम भुगतान किया जा चुका है, इनके अतिरिक्त जनपद से कोई भी शिक्षक और कर्मचारी सेवानिवृत्त नहीं हुए हैं।<br>(4) जनपद बाराबंकी-वर्ष 2021 से दिनांक 31.03.2023 तक 01 शिक्षक सेवानिवृत्त हुए हैं, जिनके जी0पी0एफ0 का अन्तिम भुगतान कर दिया गया है।<br>(5) जनपद अमेठी-जनपद के संस्कृत महाविद्यालयों में वर्ष 2021 से दिनांक 31.03.2023 तक 02 शिक्षक सेवानिवृत्त हुए हैं और उनके जी0पी0एफ0 की सम्पूर्ण धनराशि का भुगतान करा दिया गया है। |

गुलाब देवी
राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)।